खन.

# कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट-38
## कन्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज
## उत्तर प्रदेश जल निगम
(उ0 प्र0 सरकार का उपक्रम)

कार्यालय :- ~~न्यू कालोनी, राबर्ट्सगंज (सोनभद्र)~~ कार्यालयः राज विला चण्डी तिराहा, राबर्ट्सगंज-सोनभद्र
प्रधान कार्यालय :- टी.सी.-38-वी. विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010
Visit us at : www.cdsupjn.org
e-mail:-pmunit38@gmail.com

JAS-ANZ

पत्रांकः 1265 / W-J / 3

दिनांकः 05-06-2017

## निविदा सूचना

अध्यक्ष, उ0प्र0 जल निगम की ओर से जनपद मीरजापुर के 200 व्यक्तियों की क्षमता का बैरक के निर्माण हेतु मुहरबन्द निविदा दिनांक : 06.07.2017 को अपराह्न 5.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक : 24.06.2017 से दिनांक : 01.07.2017 तक कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट–38, सी0 एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, सोनभद्र एवं महाप्रबन्धक (नि0–3), सी0 एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ से किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित मूल्य का भुगतान करके कार्यालय समय में प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र पूर्ण कर दिनांक : 06.07.2017 को अपराह्न 5.00 बजे तक परियोजना प्रबन्धक, यूनिट–38, सी0 एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, सोनभद्र, महाप्रबन्धक (नि0–3), सी0 एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ एवं कार्यालय जिलाधिकारी मिर्जापुर कार्यालय में जमा किया जा सकता है, जिसे दिनांक : 07.07.2017 को ठेकेदारों या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में अपराह्न 3.00 बजे जिलाधिकारी कार्यालय मीरजापुर में जिलाधिकारी अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा खोला जायेगा।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 200 व्यक्तियों की क्षमता का बैरक निर्माण | 596.16 | 6.00 लाख (छः लाख) | 10000.00 + 5% वैट | 24 माह |

**नियम एवं शर्तें –**

1. निविदा प्रपत्र का विकय उ0प्र0 जल निगम/सी0 एण्ड डी0एस0/लोक निर्माण विभाग/सिंचाई विभाग/सी0पी0डब्ल्यू0डी0/उ0प्र0 सरकार के उपकम/भारत सरकार के उपकमों में श्रेणी 'ए' (भवन कार्य) में पंजीकृत ठेकेदारों को उनके अनुरोध पत्र के साथ पंजीकरण प्रमाण–पत्र एवं निविदा प्रपत्र मूल्य राष्ट्रीयकृत बैंक का ड्राफ्ट प्रस्तुत करने पर ही की जायेगी।

2. प्रत्येक निविदायें दो अलग–अलग सीलबन्द लिफाफों में जमा करना होगा, जिसमें एक लिफाफे में टेक्निकल बिड जिसमें धरोहर धनराशि पंजीकरण, अनुभव प्रमाण–पत्र, हैसियत प्रमाण–पत्र एवं टर्न ओवर प्रमाण–पत्र आदि तथा दूसरे लिफाफे में फाइनेन्शियल बिड जिसमें निविदा दरें होंगी। सम्बन्धित लिफाफे पर टेक्निल बिड/फाइनेन्शियल बिड अंकित हो।

3. निविदा के साथ धरोहर धनराशि जो कि राष्ट्रीयकृत बैंको के एफ0डी0आर0, सी0डी0आर0/डाकघर का कय किये हुए एन0एस0सी0 के रूप में हो एवं निदेशक, सी0 एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, यूनिट–38, सोनभद्र के पदनाम बन्धक हो, जमा करना होगा।

4. ठेकेदार/फर्म की न्यूनतम हैसियत निविदा लागत की 40 प्रतिशत, टर्न ओवर पिछले तीन वर्ष का औसतन 30 प्रतिशत एवं किसी एक वर्ष में 50 प्रतिशत होनी चाहिए।

5. ठेकेदार/फर्म को कार्य की लागत के सापेक्ष विगत 10 वर्षों में तीन कराये गये कार्यों का 40 प्रतिशत अथवा दो कराये गये कार्यों का 50 प्रतिशत अथवा किसी एक कराये गये कार्य का 80 प्रतिशत का अनुभव होना अनिवार्य है।

6. विभाग में कराये गये कार्यों की गुणता/प्रगति के सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त होने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

7. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधोहस्ताक्षरी का सर्वाधिकार सुरक्षित होगा।

8. निविदाता जिनका आपराधिक रिकार्ड है, निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले पायेगें।

9. निविदाता जो किसी भी बार कॉन्सिल में पंजीकृत है, निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले पायेगें।

10 निविदा दरों के साथ रू0 100.00 (रू0 एक सौ) मात्र के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र जमा करना होगा।

11 निविदाताओं से यह विशेष रूप में अपेक्षित है कि वे निविदा दर देने के पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण व निविदा प्रपत्रों का अध्ययन कर लें।

12 निविदा डाक द्वारा मंगाने पर डाक व्यय रू0 500.00 अतिरिक्त देय होगा। डाक द्वारा विलम्ब से निविदा प्राप्त होने पर विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

13 सफल निविदा दाता को अनुबन्ध हेतु 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एवं नवीनतम् प्रचलित दर से स्टाम्प जमा करना होगा।

14 किसी भी वाद-विवाद के निस्तारण का स्थल मा0 न्यायालय मीरजापुर में होगा।

(एस0पी0त्रिपाठी)
**परियोजना प्रबन्धक**

<u>पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. जिलाधिकारी, जनपद मिर्जापुर।
2. निदेशक, सी0 एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
3. मुख्य महाप्रबन्धक (प्रथम), सी0 एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
4. महाप्रबन्धक (नि0-3) , सी0 एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
5. अधीक्षण अभियन्ता, 22वां मण्डल, उ0प्र0 जल निगम, मिर्जापुर।
6. अधिशासी अभियन्ता, अभाव खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, मिर्जापुर।
7. जनसम्पर्क अधिकारी, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को 6 प्रतियों में सी0डी0 सहित इस आशय से प्रेषित कि इन्हे अपने स्तर से राष्ट्रीय समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
8. गार्ड फाईल/नोटिस बोर्ड।
9. वेबसाइट पर प्रकाशन हेतु।

परियोजना प्रबन्धक